# कँवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर
# जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)
# वार्षिक प्रतिवेदन : 2022-23

महाविद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की पावन वेला पर परम आदरणीय मुख्य–अतिथि श्री यादविन्द्र गोमा जी, माननीय विधायक, जयसिंहपुर विधान क्षेत्र का मैं महाविद्यालय स्टाफ (प्राध्यापकों, गैर शिक्षण कर्मचारियों) केन्द्रीय छात्र परिषद् तथा विद्यार्थियों की ओर से हर्षित मन से हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करता हूँ।

इस शुभ घड़ी पर माननीय मुख्य–अतिथि के साथ आए हुए सभी सम्माननीय अतिथियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पी.टी.ए. प्रधान एवम् कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों, पत्रकार बंधुओं तथा अन्य सभी अतिथियों का भी तहेदिल से स्वागत करता हूँ।

परम् आदरणीय मुख्य–अतिथि महोदय, आपने अपनी अति व्यस्त दिनचर्या के होते हुए भी हमारे महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता करने के लिए अपना अति मूल्यवान् समय निकाल कर हमें अनुगृहीत किया है। इसके लिए महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य आपके आभारी हैं। हमारा यह परम् सौभाग्य है कि आज हमारा यह समारोह ऐसी शख्सियत के करकमलों द्वारा सम्पन्न हो रहा है, जिनका व्यक्तित्व समाज के अनेक लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है।

माननीय मुख्य–अतिथि महोदय, आपके हृदय में आम जन–मानस के प्रति उदारता एवम् जनकल्याण की भावना है। हमें पूर्ण विश्वास है कि जन सहयोग और समर्पण की भावना से कार्य करते हुए उन्नत, समृद्ध हिमाचल एवं राष्ट्र निर्माण में आपका बहुमूल्य योगदान हमेशा मिलता रहेगा। मैं एक बार पुनः आपका यहां पधारने पर सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार की ओर से अभिनंदन एवं स्वागत करता हूं।

## महाविद्यालय का परिचय

महोदय, महाराजा संसार चन्द की जन्मभूमि एवं ऐतिहासिक महत्व की नगरी जयसिंहपुर में स्थित यह महाविद्यालय चंगर क्षेत्र की जनता के लिए शिक्षा का ज्योति स्तम्भ बन कर उभरा है। तत्कालीन कंवर दुर्गा चन्द स्मारक निजि महाविद्यालय का क्षेत्रीय जनता की जन–भावनाओं तथा इस क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने इसका अधिग्रहण 06 फरवरी, 2007 को किया तथा इसका नाम कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर रखा गया। इस महाविद्यालय का अपना निजी भवन है एवं परिसर का विस्तार कार्य निरन्तर चल रहा है। यह संस्थान हरी भरी स्वस्थ पंरपरांओ तथा विविध रंगी गतिविधियों को सहेजे हुए छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं उच्च–शिक्षा प्रदान करने के अपने उद्देश्य की ओर निरन्तर अग्रसर है। महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान तथा वाणिज्य में पाठयक्रम वर्तमान में चलाए जा रहे हैं।

## महाविद्यालय स्टाफ

**शिक्षक वर्ग**–महाविद्यालय के प्रशासन तथा अन्य कार्य प्रणाली के सुव्यवस्थित संचालन के लिए शिक्षक तथा गैर–शिक्षण कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। दोनों वर्गों के मध्य सही तालमेल तथा सामंजस्य से शिक्षण संस्थान का विकास निर्भर करता है। मेरे लिए यह गर्व का विषय है कि महाविद्यालय में कार्य करने वाला प्रत्येक कर्मचारी बेहतर तालमेल तथा परिवार मानसिकता से दिए गये दायित्व को पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से निभा रहा है। महाविद्यालय में प्राचार्य के अतिरिक्त प्राध्यापकों के 21 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 12 प्राध्यापकों के पद रिक्त हैं। वर्तमान में शैक्षणिक सदस्यों का विवरण निम्नवत् है –

**<u>शैक्षणिक पदों की स्थिति</u>**

| विषय / पद | स्वीकृत पद | पद स्थिति | | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | नियमित | अनुबंध | पी० टी० ए० | |
| प्राचार्य | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| अंग्रेजी | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| हिन्दी | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| अर्थशास्त्र | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| राजनीति शास्त्र | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| इतिहास | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| गणित | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| भूगोल | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| शारीरिक शिक्षा | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| मनोविज्ञान | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| दर्शन शास्त्र | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| संगीत (वाद्य) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| वाणिज्य | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| भौतिक विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| रसायन विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| वनस्पति विज्ञान | 1 | 1 | 0 | 0 | सितम्बर, 2021 से छुट्टी पर |
| प्राणी विज्ञान | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| कुल | 22 | 10 | 0 | 0 | 12 |

**गैर शिक्षण वर्ग**–महाविद्यालय के सफल संचालन में शिक्षणेतर कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनके सहयोग के बिना हमारा कार्य संभव नहीं हो सकता। गैर शिक्षण वर्ग के 27 स्वीकृत पदों में से 16 पद रिक्त हैं। वर्तमान में शिक्षणेतर सदस्यों का विवरण निम्नवत् है–

**शिक्षणेतर पदों की स्थिति**

| पद नाम | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्तपद |
|---|---|---|---|---|
| | | स्थाई | अनुबन्ध | |
| अधीक्षक (श्रेणी–1) | 1 | 1 | 0 | 0 |
| पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | 0 | 0 | 1 |
| अधीक्षक (श्रेणी–11) | 1 | 1 | 0 | 0 |
| सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | 1 | 0 | 0 |
| पुस्तकालय सहायक | 1 | 0 | 0 | 1 |
| परिचारक | 1 | 0 | 0 | 1 |
| प्रयोगशाला परिचर | 5 | 1 | 0 | 4 |
| कनिष्ठ व्याख्याता सहायक | 2 | 0 | 0 | 2 |
| तबला प्रशिक्षक | 1 | 0 | 0 | 1 |
| वरिष्ठ सहायक | 1 | 1 | 0 | 0 |
| लिपिक | 3 | 0 | 0 | 3 |
| स्टोर किपर | 1 | 0 | 0 | 1 |
| चौकीदार | 2 | 2 | 0 | 0 |
| चपरासी | 3 | 3 | 0 | 0 |
| माली | 1 | 1 | 0 | 0 |
| सफाई कर्मचारी | 2 | 0 | 0 | 2 |
| कुल | 27 | 11 | 0 | 16 |

**आगमन एवं प्रस्थान**

स्थानान्तरण सरकारी सेवा का अभिन्न पहलू है। इस सत्र में निम्न स्थानान्तरण एवं आगमन हुए हैं। वर्तमान सत्र में निम्नलिखित प्राध्यापक इस महाविद्यालय में भिन्न–भिन्न महाविद्यालयों से स्थानांतरित होकर आए –

1 डॉ० प्रदीप कुमार कौण्डल (प्राचार्य) 2 प्रो० रेनू डोगरा(रसायन विज्ञान)
3 प्रो० विजय कुमार(वाणिज्य) 4 श्रीमति संतोष कुमारी ( अधीक्षक ग्रेड–1)

इस सत्र में निम्नलिखित प्राध्यापक इस महाविद्यालय से स्थानांतरित होकर अन्य महविद्यालय में गए :–

1 डॉ० प्रज्ञा मिश्रा (प्राचार्य) 2 डॉ० राकेश शर्मा(भौतिक विज्ञान) 3 डॉ० धन देव शर्मा(भूगोल)
4 प्रो० सुमीक्ष्ल सूद(गणित) 5 प्रो० संजीव कुमार (वाणिज्य)
6 श्रीमति त्रिपता देवी ( सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष) 7 श्री दलेर सिंह(वरिष्ठ सहायक)

## विद्यार्थी संख्या

वर्तमान सत्र में कुल 595 विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया हैं, इनमें से 232 छात्र तथा 363 छात्राएं हैं। इस महाविद्यालय में सत्र 2022–23 के दौरान तीनों संकायों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का विस्तृत विवरण इस प्रकार है–

| क्रम | | कक्षा | छात्र | छात्राएं | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कला संकाय | बी०ए० प्रथम वर्ष | 48 | 82 | 130 |
| 2 | | बी०ए० द्वितीय वर्ष | 40 | 63 | 103 |
| 3 | | बी०ए० तृतीय वर्ष | 28 | 60 | 88 |
| 4 | वाणिज्य संकाय | बी० कॉम. प्रथम वर्ष | 25 | 13 | 38 |
| 5 | | बी० कॉम. द्वितीय वर्ष | 18 | 34 | 52 |
| 6 | | बी० कॉम. तृतीय वर्ष | 20 | 29 | 49 |
| 7 | विज्ञान संकाय | बी० एस– सी० प्रथम वर्ष | 17 | 22 | 39 |
| 8 | | बी० एस– सी० द्वितीय वर्ष | 19 | 37 | 56 |
| 9 | | बी० एस– सी० तृतीय वर्ष | 17 | 23 | 40 |
| | | कुल विद्यार्थी | 232 | 363 | 595 |

## परीक्षा परिणाम

महाविद्यालय में श्रेष्ठ परिणामों की परम्परा रही है, जिसका श्रेय महाविद्यालय के सुयोग्य एवं सुप्रशिक्षित शिक्षक एवं गैर–शिक्षण वर्ग को जाता है जो सदैव कॉलेज परिसर में शैक्षणिक वातावरण बनाए रखते हैं । गत वर्ष महाविद्यालय का वार्षिक परिणाम उत्तम रहा।

## गृह परीक्षा

विद्यार्थियों की अध्ययनशीलता के परीक्षण एवं विश्वविद्यालय परीक्षा के लिए पूर्वाभ्यास व योग्यता पूर्ति हेतु गृह (मध्यावधि) परीक्षा का बड़ा महत्त्व है । वर्तमान सत्र में डॉ0 अर्पित कायस्था के नेतृत्व में बी.ए./बी. एस–सी./बी.कॉम. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान(रूसा) के नवीन पाठ्यक्रम के तहत 06 फरवरी से 10 फरवरी 2023 तक गृह परीक्षा का आयोजन किया गया ।

## छात्रवृत्तियाँ

सरकार द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत सत्र 2022–23 के लिए विभिन्न छात्रवृत्तियों के लिए बजट आवँटन हेतू 59 विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं।

| वर्ग | छात्र |
|---|---|
| अनुसूचित जाति | 46 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 5 |
| आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग | 6 |
| कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना | 2 |
| कुल योग | 59 |

## पुस्तकालय

विद्यार्थियों के बौद्धिक, मानसिक एवं नैतिक परिष्कार हेतु पुस्तकालय की भूमिका अपरिहार्य है। हमारे महाविद्यालय का एक सुसज्जित पुस्तकालय है । इस समय हमारे पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से सम्बन्धित 4619 पुस्तकों का संग्रह है। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय में प्रतिदिन विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए छः समाचार पत्र तथा चार साप्ताहिक व मासिक पत्रिकाएं छात्रों के अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। इस सत्र से ऑनलाईन जरनल व किताबों को पढ़ने की सुविधा भी शुरू की गई है। छात्रों में पढ़ने की सुरुचि को विकसित करने में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष श्री रणजीत सिंह के प्रयास प्रशंसनीय हैं।

## केन्द्रीय छात्र परिषद्

वर्तमान सत्र में छात्र परिषद के चुनाव सितंबर, 2022 में लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुरूप करवाए गए वार्षिक परीक्षाओं की योग्यता सूची में श्रेष्ठ रहे प्रतिनिधियों का मनोनयन किया गया और उन्हीं में से वरीयता क्रम में श्रेष्ठ विद्यार्थी निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए–

| नाम | कक्षा | रोल न० | पद् |
|---|---|---|---|
| अंजलि | बी.एस–सी. तृतीय वर्ष | 20MA012 | अध्यक्ष |
| रुचि देवी | बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 20CM011 | उपाध्यक्ष |
| सारिका | बी.ए. प्रथम वर्ष | 22HS045 | सचिव |
| अंकिता | बी.एस–सी. प्रथम वर्ष | 22ZO007 | संयुक्त सचिव |

उपर्युक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त केन्द्रीय छात्र परिषद् में 09 सदस्य विभिन्न कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मनोनीत किये गये हैं, जबकि 10 सदस्यों का खेलकूद व अन्य गतिविधियों में श्रेष्ठ रहने के कारण मनोनयन हुआ है । केन्द्रीय छात्र परिषद् के गठन की यह सम्पूर्ण प्रकिया महाविद्यालय की CSCA Advisory Committee की देख–रेख में सम्पन्न हुई ।

वर्तमान सत्र में डॉ0 सुरजीत राणा, डॉ0 अर्पित कायस्था, प्रो० ओंकार चंद, प्रो0 नविता देवी और प्रो० विजय कुमार केन्द्रीय छात्र परिषद् की सलाहकार समिति के सदस्य हैं । 07 नवम्बर, 2022 को महाविद्यालय के Multi-Purpose Hall में केन्द्रीय छात्र परिषद् के लिए 'शपथ ग्रहण समारोह' आयोजित किया गया। इसमें चार पदाधिकारियों सहित सभी सदस्यों को पद की शपथ दिलाई गई । केन्द्रीय छात्र परिषद् का वार्षिक सांस्कृतिक समारोह दिनांक –20 फरवरी, 2023 को मनाया गया, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ एकल गान, समूह गान, एकल नृत्य, समूह नृत्य, मटका फोड़ तथा मॉडलिंग आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को आज इस समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा । वर्तमान सत्र में CSCA ने महाविद्यालय परिसर में अनुशासन बनाए रखने और शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा खेल–कूद आदि समस्त गतिविधियों को सफल बनाने में अहम् भूमिका निभाई ।

## अभिभावक–शिक्षक संघ

अभिभावक–शिक्षक संघ का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना तथा छात्र हितों की रक्षा करना है। अपने उदयकाल से ही यह संघ महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता रहा है । दिनांक 15 सितंबर, 2022 को महाविद्यालय परिसर में अभिभावक– शिक्षक संघ की सत्र 2022 –23 की कार्यकारिणी का गठन किया गया । इसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी एंव सदस्य चुने गए–

1 अध्यक्ष – श्री चंद्र शेखर
2. उपाध्यक्ष – श्री प्रवीण कुमार

3 सचिव – डा० खुशी राम भगत
4. संयुक्त सचिव – श्रीमति गुड्डी देवी

5 कोषाध्यक्ष – श्रीमति स्वर्णा देवी
6. अंकेक्षक – श्री कुलवीर

7. मुख्य सलाहकार – श्री कुलदीप राज

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ

सांस्कृतिक गतिविधियाँ देश तथा समाज की सजीवता और समृद्धि के अतिरिक्त मानवीय जीवन मूल्यों की परिचायक होती है। समाज की समग्र साधना और आकांक्षाएं इन्हीं गतिविधियों से परिचालित रहती हैं। इनकी अभिव्यक्ति के माध्यम से युवा पीढ़ी में अपनी संस्कृति के प्रति लगाव और समर्पण की अनुभूति होती है तथा व्यवहारिक एकता का सूत्रपात भी होता है। इसी दृष्टिकोण के तहत विद्यार्थियों की मेधावी कलात्मक शक्ति को उभारने हेतु सांस्कृतिक गतिविधियों में उन्हें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

महाविद्यालय के छात्रों ने प्रो0 नविता के नेत्रित्व में इस सत्र में 15 अगस्त तथा 26 जनवरी को उपमण्डल स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इसके अतिरिक्त दिनांक 20 फरवरी, 2023 को केन्द्रीय छात्र परिषद् के सांस्कृतिक समारोह तथा कॉलेज के अन्य कार्यक्रमों में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

5 दिसस्बर, 2022 को महाविद्यालय में अध्यापक दिवस मनाया गया । पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधा कृष्णन के जीवन एंव आदर्शो पर प्रकाश डाला गया । इसी दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में भी भाग लिया। इसके अन्तर्गत गायन,एकल नृत्य व मिमिकरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

## खेलकूद गतिविधियाँ

वर्तमान सत्र में डॉ. खुशी राम भगत के नेतृत्व में विद्यार्थियों में खेलों की भावना को जागृत करने के लिए हर सम्भव प्रयास किए गए। परिणामस्वरुप इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हि0 प्र0 विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न अन्तर्महाविद्यालय प्रतियोगिताओं –तायक्वांडो (पुरूष तथा महिला), वालीवॉल आदि में भाग लिया और उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा ।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस (National Sports Day) का आयोजन 29 अगस्त, 2022 को किया गया। जिसमें पुरूष और महिला वर्ग में वॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस वर्ष वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 30 दिसम्बर, 2022 को महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया । इसमें छात्र–छात्राओं के लिये सबसे पहले 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर तथा 800 मीटर धावन

प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया, तत्पश्चात डिस्कस थ्रो, लम्बी कूद और उंची कूद आदि प्रतिस्पर्धाएं भी हुई । वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के अतिरिक्त महाविद्यालय की रोवरर्ज व रेंजर, रैड रिबन क्लब तथा एन. एस. एस. इकाई द्वारा किया गया मार्च पास्ट भी आकर्षण का केन्द्र रहा । एथलैटीक मीट में बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र अक्षय को पुरूष वर्ग में और बी० एस० सी० द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ियों को प्राचार्य द्वारा मैडल देकर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना एक सामुदायिक संगठन के रूप में समाज सेवा और समाज समरसता की भावना से परिचालित महाविद्यालय में गतिशील है। इस माध्यम द्वारा छात्रों को संवेदनशीलता से भरकर सेवा समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के सबक सिखाए जाते हैं। इसके लिए बहुसंख्यक सांस्कृतिक बौद्धिक और सामाजिक गतिविधियां में छात्रों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करके अंतर्निहित प्रतिभा शक्ति और सृजनात्मक कला को उभारने तथा तराशने के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

Not Me But You का बृहद मानवतावादी सबक इसी संस्था की देन है। सत्र 2022–23 में इस योजना की इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो० ओंकार चन्द के दिशा निर्देश में गतिशील रही। इस सत्र में कुल 100 स्वयंसेवी पंजीकृत हुए। संपूर्ण सत्र में शारीरिक श्रम साध्य कार्यकलाप साहित्यिक सांस्कृतिक और बौद्धिक स्तरीय गतिविधियाँ ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यान्वित की गई। वर्णन इस प्रकार है –

इस सत्र में एन० एस० एस० इकाई ने विभिन्न कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया। इनमें 11–10–2022 को "Sweep Awareness" का आयोजन, 19–10–2022 को क्लीन इंडिया 2.0 प्रोग्रम, 29–10–2022 को डिसास्टर रिडक्सन प्रोग्राम (H.P.S.D.M.A.) का आयोजन, 31–10–2022 को "राष्ट्रीय एकता दिवस" तथा 14–11–2022 को एन० एस० एस० द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत भाषण, निबंध लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन , 26–11–2022 को "संविधान दिवस" के उपलक्ष्य में आयोजन और 01–12–2022 को "एड्स दिवस" मनाना महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय है।

वर्तमान सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के आठ स्वयंसेवियों डाशीव, तरूण, अक्षय, अमीषा, स्वातिका, सुनिधि और पूजा ने चंडीगढ स्थित एन एस एस के रीजनल सेंटर में चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में भाग लिया और समाज के वारे में प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर 23–12–2022 से 29–12–2022 को लगाया गया। यह विशेष शिविर गांव डलू में लगाया गया था जहां पर स्वयसेवियों ने गांव के लोगों से मेल–जोल बढ़ाया, साफ सफाई कार्यक्रम और जागरूकता, नशे के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस शिविर में जयसिंहपुर चौगान की सफाई की गई और इसे न्यूज चैनल द्वारा लाईव चलाया गया।

## रोवर्स एवं रेंजर्स की गतिविधियाँ

इस महाविद्यालय में 18 से 23 वर्ष तक के आयु वर्ग के उत्साही, कर्मठ व ईमानदार युवाओं के लिए रोवर्स एवं रेंजर्स की एक इकाई का गठन किया गया है। इसमें रोवर्स के अधिकारी प्रो० विजय कुमार और रेंजर्स अधिकारी प्रो० नविता देवी हैं।

- 14–11–2022 को रोवर एंड रेंजर क्लब द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत भाषण, निबंध लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में कनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में करवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और पेंटिंग में सुप्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## रैड–रिबन क्लब

एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कॉलेज में रैड–रिबन क्लब का गठन किया गया। रैड–रिबन क्लब की नोडल अधिकारी प्रो० किरण एवं लेफिटनेंट प्रो० रेणु डोगरा हैं। क्लब में कुल 50 छात्र नामांकित हैं। कॉलेज के छात्र पोस्टरों, हस्ताक्षर अभियानों, नारों, रैलियों, नाटकों, परिचर्चाओं आदि के माध्यम से एचआईवी/एड्स से संबंधित जागरूकता फैला रहे हैं। हमारे छात्रों ने समय–समय पर सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

- 22–07–2022 और 08–09–2022 को रैड–रिबन क्लब द्वारा स्वास्थ्य विभाग जयसिंहपुर के साथ मिलकर "कोविड वैक्सीनेशन" अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के अधिकतर विद्यार्थियों को वैक्सीनेट किया गया।
- दिनांक 18–08–2022 को रैड–रिबन क्लब द्वारा "अन्तर राष्ट्रीय युवा दिवस" मनाया गया। इस दिन रैड–रिबन क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन की प्रतियोगिता करवाई गईं। इस प्रतियोगिता में बी० ए० की छात्रा पायल ने प्रथम वर्ष , बी० कॉम० तृतीय वर्ष की छात्रा तन्वी ने द्वितीय स्थान और बी० कॉम० प्रथम वर्ष की छात्रा विशाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 01–12–2022 को रैड–रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर कंचन कौशल, एडवोकेट शानू एवं एडवोकेट सृष्टि शर्मा ने एचआईवी के कारण, फैलाव एवं बचाव के बारे में बात की।

## इको क्लब

इको क्लब द्वारा सत्र :2022–2023 के दौरान कॉलेज में किये गये कार्यों का विवरण इस प्रकार है–

- 8 अगस्त, 2022 को 'एक पेड़ मेरे कॉलेज के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस मौके पर क्लब के सदस्यों द्वारा कॉलेज परिसर के आसपास आमला, हरड़ और अर्जुन के 100 पौधों का रोपण किया गया। ये पौधे वातावरण को तो स्वच्छ रखते ही है साथ ही मानवीय चिकित्सकीय उपयोग की दृष्टि से भी लाभप्रद हैं ।

• इको क्लब ने रैड रिवन क्लब तथा रोवर एंड रेंजर्स इकाई के साथ मिलकर 18–08–2022 और 01–12–2022 को कॉलेज में एड्स व कैंसर की बीमारियों के प्रति विद्यार्थियों को जागरुक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया ।

## सड़क सुरक्षा क्लब (Road Safety Club)

कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में रोड़ सेफ्टी क्लब का गठन किया गया। क्लब की प्रभारी प्रो० नविता देवी हैं। क्लब को गठित करने का उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना है। क्लब के द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- नवम्बर माह में क्लब द्वारा नारा लेखन, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 26 नवम्बर, 2022 को क्लब द्वारा रैली का आयोजन किया गया।
- 14 दिसम्बर, 2022 को क्लब द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें ए० एस० आई० देश राज द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।
- 27 दिसम्बर, 2022 को क्लब द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कॉलेज के प्राचार्य द्वारा मोमेन्टो(स्मृति चिन्ह) देकर सम्मानित किया गया।

## प्रहरी क्लब

कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रहरी क्लब का गठन किया गया। इस क्लब के प्रभारी डा० खुशी राम भगत हैं और सह–प्रभारी प्रो० नविता देवी हैं। विभिन्न कक्षाओं के 30 छात्र और छात्राएं प्रहरी क्लब के सदस्य हैं। क्लब को गठित करने का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतु क्लब द्वारा सक्रिय रह कर इस वर्ष निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया–

- 23–12–2022 को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रहरी क्लब द्वारा पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।
- 27–12–2022 को प्रहरी क्लब द्वारा छात्रों ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। रैली को कॉलेज के प्राचार्य डॉ० प्रदीप कुमार कौंडल द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। नारों और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

## आंतरिक गुणवत्ता आकलन प्रकोष्ठ (IQAC)

महाविद्यालय में शैक्षिक,महाविद्यालयी कार्यप्रणाली तथा अन्य गतिविधियों में गुणवत्ता बनाये रखने के लिए आंतरिक गुणवत्ता आकलन प्रकोष्ठ (IQAC) का गठन किया गया है। इसके द्वारा शिक्षा–सत्र के दौरान महाविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों, विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की निजी उपलब्धियों तथा इस शैक्षणिक संस्था व सामुदायिक विकास में किए जाने वाले योगदान का अभिलेख रखा जाता

है। इस प्रकोष्ठ द्वारा नए शोध (Research) को बढ़ावा देने एवं अध्यापन हेतू अभिनव तकनीक अपनाने के उद्देश्य से प्राध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों को समय–समय पर सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशाला, ओरिएण्टेशन प्रोग्राम, पुनश्चर्या पाठ्यक्रम तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लेने हेतू प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाता है। दिनांक 01 नवम्बर, 2022 को IQAC द्वारा NAAC Documentation and Report Preparation पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के एसोसियेट प्रोफेसर श्री पंकज सूद ने मुख्य वक्ता के रूप उपस्थित रहकर राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् के बारे में व्याख्यान दिया तथा NAAC द्वारा महाविद्यालय का मूल्याकंन करवाने की प्रकिया समझाई। वर्तमान सत्र में डॉ0 सुरजीत राणा आंतरिक गुणवत्ता आकलन प्रकोष्ठ (IQAC) के समन्वयक (Coordinator) हैं।

## महिला शिकायत और निवारण प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में महिला शिकायत और निवारण प्रकोष्ठ भी गतिशील है। इस प्रकोष्ठ के अंतर्गत महिला कर्मचारी और छात्राओं की व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान किया जाता है। इस प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रो0 रेणू डोगरा हैं।

## कंप्यूटर लैब व स्मार्ट कक्षा–कक्ष

कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय में कॉलेज के विद्यार्थियों को अध्ययन करने के लिए कंप्यूटर लैब एवं तीन स्मार्ट कक्षा–कक्ष हैं। आज के युग में पढ़ाई किताबों तक ही सीमित नहीं रह गई है। इसलिए आजकल विद्यार्थी पढ़ाई करने के लिए इंटरनेट का भी सहारा भी ले रहे हैं। एडवांस टैक्नोलॉजी हमारी एजूकेशन को और भी एडवांस कर रही है। कंप्यूटर लैब में विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए 35 आधुनिक कंप्यूटर हैं। इन सभी कंप्यूटर में और स्मार्ट कक्षा–कक्ष में इंटरनेट की सुविधा दी गई है।

## महाविद्यालय पत्रिका(कुन्जद्वार)

इस महाविद्यालय ने अंग्रेजी, हिन्दी, विज्ञान, योजना मंच, पहाड़ी अनुभागों में " कुन्जद्वार" नामक अपनी वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ कर दिया है । यह पत्रिका महाविद्यालय के नवोदित लेखकों को जहां अपनी सृजनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुअवस़र प्रदान करती है, वहीं उनमें वैचारिक चिन्तन एवं रचनात्मक लेखन के प्रति अभिरुचि भी पैदा करती है। इस सत्र का अंक प्रकाशनाधीन है, जिसका प्रकाशन मुख्य सम्पादक डॉ0 सुरजीत राणा की देख–रेख में किया जा रहा है ।

## स्टाफ की व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

वर्तमान सत्र में रसायन विज्ञान की प्राध्यापिका लेफ्टिनेंट रेनू डोगरा ने रामानुजन कॉलेज द्वारा आयोजित "उन्नत अनुसंधान पद्धति" में अंतः विषय पुनश्चर्या पाठयक्रम सफलतापुर्वक पूरा किया, इग्नू द्वारा आयोजित "विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों के लिए NEP-2020 के कार्यान्वयन" पर "व्यावसायिक विकास कार्यक्रम" सफलतापूर्वक पूरा किया और 26 जुलाई से 2 अगस्त, 2022 तक नगरोटा में 5HP (1) Coy धर्मशाला द्वारा आयोजित TSC – चयन और प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

डॉ० अर्पित कायस्था (सहायक प्राध्यापक भौतिक विज्ञान) ने 14–11–2022 से 26–11–2022 तक University Grants Commission द्वारा प्रायोजित "Physics, Electronics, Computer Science and IT" में ऑनलाईन रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया। Human Resource Development Center Rashtrasant Tukadoji Maharaj Nagpur University, Nagpur द्वारा प्रायोजित इस रिफ्रेशर कोर्स में डा० अर्पित कायस्था ने "A+" Grade हासिल किया। डॉ० अर्पित कायस्था ने 16–12–2022 को Department of Computer Sciecne and IQAC द्वारा प्रायोजित "Cyber Security" State level Webinar में ऑनलाईन भाग लिया।

प्रो० ओंकार चन्द (सहायक प्राध्यापक इतिहास) ने 22–11–2022 से 06–12–2022 तक Teacher Learning Center, Ramanujan College University of Delhi द्वारा प्रायोजित "Advanced Research Methodology" में ऑनलाईन रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया। Teacher Learning Center, Ramanujan College University of Delhi द्वारा प्रायोजित इस रिफ्रेशर कोर्स में प्रो० ओंकार चन्द ने "A" Grade हासिल किया।

प्रो० विजय कुमार (सहायक प्राध्यापक वाणिज्य) ने 21–03–2022 से 19–04–2022 तक Teacher Learning Center, Ramanujan College University of Delhi द्वारा प्रायोजित "Faculty in Universities/Colleges/Institutes of Higher Education" में ऑनलाईन रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया। Teacher Learning Center, Ramanujan College University of Delhi द्वारा प्रायोजित इस रिफ्रेशर कोर्स में प्रो० विजय कुमार ने "A+" Grade हासिल किया। इसके अलावा प्रो० विजय कुमार को Vice-Chancellor Himachal Pradesh University Shimla के द्वारा स्नातक स्तरीय कक्षाओं के लिए वाणिज्य विषय में गठित बोर्ड ऑफ स्टडीस की कमेटी में महाविद्यालय के पक्ष से दो वर्ष के लिए सदस्य के तौर पर चयनित किया गया।

## हमारी अपेक्षाएँ एवं आवश्यकताएँ

1. इस महाविद्यालय के साथ लगती गनुनु खड्ड के आने वाली बाढ़ से बचाव के लिए थोड़े से हिस्से में सुरक्षा दीवार / Retaining Wall का निर्माण हुआ है जिस कारण इस वर्ष बरसात के समय आई भयंकर बाढ़ का पानी व कीचड़ महाविद्यालय के परिसर व कमरों में घुस गया था अतः भविष्य में ऐसी किसी अप्रिय घटना से बचाव हेतु शेष हिस्से पर भी सुरक्षा दीवार/ Retaining Wall का निर्माण करवाना अत्यावश्यक है।
2. इस महाविद्यालय में प्राध्यापकों के 12 पद रिक्त चले हुए हैं, तथा गैर–शिक्षण कर्मचारियों के 16 पद रिक्त चले हुए हैं। आपसे निवेदन है कि इन रिक्त पदों की प्राथमिकता के आधार पर भरवाने की अनुकम्पा करें ताकि छात्रों की पढ़ाई सुचारु रूप से चल सके।
3. महोदय,इस इलाके की भौगोलिक स्थिति को मद्देनजर रखते हुए इस महाविद्यालय में BCA और PGDCA की कक्षाएं शुरू करवाने का कृपा करें ताकि इस इलाके के छात्रों को इसका लाभ पहुँच सके।
4. मान्यवर,महाविद्यालय को अपने भवन का आर्टस ब्लॉक, जुलाई, 2019, कैन्टीन का भवन जून, 2020 तथा सांइस ब्लॉक फरवरी, 2022 में सौपा गया है। लेकिन कुछ समय से लगातार साईस ब्लॉक तथा कैन्टीन के भवनों की बाहरी दीवारों पर लगी हुई टाईलें अपने आप ही नीचे गिर कर टूट जा रहीं हैं।

जिससे कॉलेज भवन की सुदंरता तो कम हो ही रही है साथ ही विद्यार्थियों और स्टाफ के ऊपर टाईलें गिरने का खतरा लगातार बना रहता है। अतः सम्बन्धित विभाग से इस समस्या का समाधान करवाने की कृपा करें।

5. महाविद्यालय में 6 किलो वॉट (6 KVA) के सोलर प्लांट को लगे हुए एक वर्ष से अधिक समय हो गया है। परन्तु विद्युत विभाग द्वारा परमानेंट मीटर न लगाए जाने के कारण इस सोलर प्लांट का उपयोग नहीं हो पा रहा है।
6. महाविद्यालय परिसर में लगभग 20 सोलर लाइट की आवश्यकता है।

**आभार**

- अंत में, मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से इस समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री यादविन्द्र गोमा जी, विधायक, जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र का धन्यवाद करता हूँ कि अपनी अति व्यस्त दिनचर्या के होते हुए भी अपना बहुमूल्य समय निकाल कर आप इस समारोह में शरीक हुए और अपने मूल्यवान विचारों से हम सब का मार्गदर्शन किया, इसके लिए हम आपके आभारी रहेंगें ।
- समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का भी मैं धन्यवाद करता हूँ। जिन्होने यहां पधार कर समारोह की शोभा बढ़ाई है ।
- स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी, पुलिस प्रशासन, हिमाचल प्रदेश विद्युत परिषद, लोक निर्माण विभाग, भारतीय दूरसंचार निगम, सिंचाई एवम् जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी विशेष रुप से धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होने समय–समय पर महाविद्यालय को सहयोग दिया है।
- पी.टी.ए. के पदाधिकारियों एवम् कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों के प्रति मैं हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूँ जिन्होंने यथासमय महाविद्यालय को सुचारु रूप से चलाने में योगदान दिया है ।
- मैं लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ मीडिया के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं जिन्होंने समय–समय पर महाविद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों के बारे लोगों तक जानकारी पहुँचाई । इसी कारण हमारा कालेज प्रदेश के महत्वपूर्ण कॉलेजों की पंक्ति में खड़ा होने के लिए प्रयासरत है।
- महाविद्यालय की हर गतिविधि को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, गैर– शिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों विशेषतः केन्द्रीय छात्र परिषद् का योगदान सराहनीय रहा है, मै इन सभी का धन्यवाद करता हूँ।
- मैं समस्त उपस्थित अतिथिगण का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होने यहां पधार कर समारोह की शोभा बढ़ाई है ।
- इसके अतिरिक्त जिन महानुभावों एवं संस्थाओं का सहयोग प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रुप से महाविद्यालय को समय–समय पर मिलता रहा है उन सबका भी मैं हार्दिक धन्यवाद करता हूं।

धन्यवाद ।

जय हिन्द ! जय हिमाचल !

डॉ० प्रदीप कुमार कौंडल
प्राचार्य
कँवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर
जिला–कांगड़ा (हि० प्र०)
दिनांक–27 फरवरी, 2023